## सांसद ने की जनसभा सफल बनाने की अपील



जनसंपर्क के दौरान बुजुर्ग का हाल जानते सांसद प्रत्याशी अरुण सागर।

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी व सांसद अरुण कुमार सागर ने रविवार को विधानसभा कटरा के गांव हुलासनगला, सालपुर, कसरक भोजपुर, कुसक, खितौआ, भुड़िया, अलियापुर, कपूर नगला, भौना, कटैया, लिधौआ आदि कई गांवों में जनसंपर्क करके भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील जनता से की। इसी तरह उन्होंने खुदागंज में आज होने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा, राजेश कश्यप, रोहित राठौर सहित तमाम पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 85 प्लस वाले बुजुर्ग वोटरों की संख्या 20861 व दिव्यांग 20567 वोट

# 100 से 109 साल के 192 बुजुर्ग वोटर भी चुनेंगे सांसद

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **लोकसभा चुनाव में 2331834 मतदाताओं में बुजुर्ग वोटरों की अहम भूमिका**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार जनपद में 2331834 मतदाताओं की ओर से सांसद चुनने के लिए वोट किया जाएगा, जिसमें पुरुष मतदाता 1251342 व महिला मतदाता 1080342 है। इनमें बुजुर्ग वोटर 100-109 साल वालों की संख्या भी 192 है। जिन पर हर आयु वर्ग के वोटरों की नजर टिकी रहेगी। क्योंकि यह वह वोटर होगे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में सैकड़ों लोकसभा व विधानसभा के चुनाव देखे है। दिग्गजों को दिल्ली तक पहुंचते और चुनावी रण में हारते होते हुए भी देखा होगा। इस चुनाव में 85 प्लस वाले भी बुजुर्ग वोटर 20861 एवं दिव्यांग मतदाता 20567 है। यह बुजुर्ग लोग इस लोकसभा चुनाव 2024 में 13 मई को होने वाले मतदान में अपनी भागीदारी को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। जो लोग मतदान के दिन को छुट्टी मानकर घर में पूरे दिन सोते या फिर पिकनिक मनाने परिवार के साथ चले जाते हैं, उनके लिए यह बुजुर्ग इस बार प्रेरणा बनेगे।

**जनिए जिले में किस उम्र के कितने बुजुर्ग**

- 50-59 साल के तीन लाख 167 वोटर
- 60-69 साल के 2 लाख 24 हजार 45 वोटर
- 70-79 साल के 1 लाख 92 हजार 07 वोटर
- 80-89 साल के 35 हजार 404 वोटर
- 90-99 साल के 8722 वोटर
- 100-109 साल के 192 वोटर

**फैक्ट फाइल:**

- लोकसभा चुनाव : कुल मतदाता :2331834
- पुरुष मतदाता :1251342
- महिला मतदाता :1080342
- थर्ड जेंडर वोटर :150
- सर्विस वोटर :1309

**जनपद में किस उम्र के कितने युवा वोटर**

- 18-19 साल के 53 हजार 560 वोटर
- 20-29 साल के 4 लाख 44 हजार 187 वोटर
- 30-39 साल के 6 साल के 20 हजार 207 वोटर
- 40-49 साल के 4 लाख 65 हजार 137 वोटर

लोकसभा चुनाव के लिए उम्रवार सभी मतदाताओं की लिस्ट फाइनल हो गई है। जिसमें 85 प्लस व दिव्यांग वोटरों को घर बैठे वोट डालने की सुविधा दी जाएगी। 100 साल के करीब 192 मतदाता इस चुनाव में सांसद चुनने के लिए वोट करेंगे। विधानसभावार वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने पर प्रशासन का पूरा प्रयास जारी है। **-संजय कुमार पांडेय,** एडीएम प्रशासन।

## गर्मी बढ़ी, 40 पारा

**शाहजहांपुर।** लगातार बढ़ती गर्मी से मुसीबत शुरू हो गई है। लगातार बढ़ता तापमान लोगों को परेशान कर रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 40 .5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिसके चलते लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। अभी तापमान में और वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। माना जा रहा है कि मई महीने का तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। रविवार को दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा रहा। कम संख्या में लोग सड़कों पर निकले और जो निकले वह भी मुंह पर कपड़ा या गमछा बांधकर निकले। इसी तरह कुछ लोग गर्मी से बचने के लिए छाता लेकर जाते हुए दिखाई दिए। कुछ लोगों ने तो घरों में रहना ही मुनासिब समझा। बिजली कटौती के चलते भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर उन लोगों को परेशानी हुई जिनके घरों में इन्वर्टर नहीं है।

## योगी आज खुदागंज में कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश



सीएम का सभास्थल देखने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा व अधिकारी।

**खुदागंज।** सीएम योगी खुदागंज में सोमवार को लोकसभा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर के समर्थन में जनसभा करेंगे। मुख्यमंत्री की सभा के लिए खुदागंज चरखौला मोड़ पर स्थल का चयन किया गया है। विशालकाय पंडाल समेत आसपास एरिया में बैरीकेडिंग की गई है। व्यवस्था में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी हाथ बंटाते रहे और दिशा निर्देश देते रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपरान्ह दो बजे खुदागंज में हेलीकॉप्टर से आएंगे और भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर के समर्थन में वोट मांगेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सीएम की सभा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, चेयरमैन सुधीर सिंह, एडीएम तिलहर रश्मि कृष्णा, सीओ तिलहर प्रियांक जैन, पार्टी उपाध्यक्ष पवन सिंह, रोहित सिंह, मंडल अध्यक्ष राजीव सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह, अभिषेक सिंह, संजीव गुप्ता, कृपाल सिंह, अरविंद, भारत वीर सिंह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह आदि व्यवस्था में सहयोग करते रहे।

# बर्दाश्त नहीं किया जाएगा महापुरुषों का अपमान

### विभिन्न संगठनों ने की सपाइयों पर कार्रवाई की मांग, कलेक्ट्रेट में लगाए सपा विरोधी नारे



नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने जाते सर्व समाज के लोग। ● अमृत विचार



नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **मैनपुरी में अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप को अपमानित करने का मामला**

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मैनपुरी में रोड शो के दौरान सपा कार्यकर्ताओं द्वारा मुगलिया सल्तनत को मिट्टी में मिलाने वाले वीर महाराणा प्रताप की मूर्ति के ऊपर सपा का झंडा लगाकर अपमानित करने के विरोध में आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रपति और मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन भेजे। आरोप है कि सपाइयों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को गलियां भी दीं। ज्ञापन के माध्यम से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। संबंधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को दिए गए।

आक्रोशित लोगों का कहना था कि मैनपुरी में रोड शो के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने वीर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर चढ़कर न सिर्फ पार्टी का झंडा लगाया, बल्कि उन्हें अपमानित किया। सपाइयों ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी को भी गालियां दीं। राष्ट्रीय उद्योग व्यापार मंडल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, पंजाबी महासभा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा समेत समाज के तमाम लोगों ने रविवार को नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। गोकुल धाम सेठ इंक्लेव में सभी लोग एकत्र हुए और वहां से जोरदार नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन भेजे। ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने प्राप्त किए। सपा के गुंडों होश में आओ, महापुरुषों का अपमान- नहीं सहेगा हिंदुस्तान आदि नारे लगा रहे थे। इन लोगों ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा समाजवादी पार्टी के दोषी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**ये लोग रहे शामिल :** ज्ञापन देने वालों में किशनलाल छाबड़ा, किशोर कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, डॉ. केडी सिंह, शरद कुमार सिंह, वीरेंद्र पाल गोल्डी, मनिल बाजपेई, प्रेम कुमार नारंग, सेठ पाल सिंह, प्रियांशु रघुवंशी, मीनाक्षी अग्निवेश, रम्मन गुप्ता, हेमा अग्रवाल, वर्षा अवस्थी, ज्योति गुप्ता, आरती भोजवाल, दिव्यांश कोविद सिंह, नवनीत बॉबी, संतोष शुक्ला, ममता सिंह, दीपक शर्मा, रंजीत सिंह, गुरपेज सिंह, आदित्य सिंह, अवधेश तोमर, अजय पाल आदि शामिल रहे।

## भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**पुवायां, अमृत विचार:** भू-माफिया द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा किए जाने की डीएम से शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी कौशलेंद्र ने डीएम को पत्र भेज कर कहा कि सातवां बुजुर्ग गांव के एक ही परिवार के कई लोगों ने कन्या पाठशाला की भूमि व सरकारी नलकूप की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। शिकायतकर्ता कौशलेंद्र ने सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने और भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।









# अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई से घटी बैनामों की संख्या

## बीते वर्ष से इस बार कम हुए बैनामे, निबंधन विभाग को लक्ष्य पूरा करने में हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** महानगर में अवैध प्लाटिंग पर हुई कार्रवाई से जमीनों के बैनामों का ग्राफ गिर गया है। बीते एक साल के दौरान 50 से ज्यादा अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला है। जिसके चलते बैनामे कम हुए हैं। अब ऐसे में निबंधन विभाग को अपना टारगेट पूरा करने में परेशानी हो रही है। दूसरी ओर बिना नक्शा पास कराए अवैध प्लाटिंग करने वाले कॉलोनाइजर ने भी नक्शा पास कराने के लिए विनियमित क्षेत्र से संपर्क करना शुरू कर दिया है।

रिंग रोड बनने के बाद जमीन की कीमतों में अचानक उछाल आ गया था। कॉलोनाइजरों ने बगैर नक्शा पास कराए ही प्लाटिंग शुरू कर दी। महानगर क्षेत्र में आने वाली




● बीते दिनों प्रशासन ने 50 से ज्यादा अवैध कॉलोनियों पर चलवाया था बुलडोजर

इन अवैध कॉलोनियों को प्रशासन ने बीते दिनों ध्वस्त कर दिया। इसका असर यह हुआ कि बैनामों की संख्या में बड़ी कमी आ गई। हालांकि, सर्किल रेट बढ़ने से स्टांप निबंधक विभाग की आय में वृद्धि हुई है।

शाहजहांपुर 2018 में नगर पालिका से नगर निगम बन गया था। इससे शहर का दायरा भी बढ़ गया। 42 की जगह 60 वार्ड हो गए। सीमा विस्तार में रोजा क्षेत्र की 13 और चिनौर क्षेत्र की छह ग्राम पंचायतों को भी शामिल किया गया। इसके बाद अजीजगंज से लेकर नगरिया मोड़ तक व सुभाष नगर से शाहबाजनगर और निगोही रोड होते हुए पुवायां बाईपास पर रिंग रोड निकाली गई। नगर निगम क्षेत्र में आने वाली अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्तीकरण कर दिया गया क्योंकि कॉलोनाइजरों ने इन क्षेत्रों में कृषि भूमि का व्यवसायीकरण का बगैर व विनियमित क्षेत्र से नक्शा पास कराए प्लॉटिंग शुरू कर दी। इस पर कार्रवाई के बाद पिछले वित्तीय वर्ष की अपेक्षा इस बार करीब 3000 तक बैनामे कम हुए। उप निबंधक कार्यालय के अनुसार वर्ष 2022-23 की अपेक्षा 2023-24 में 12 करोड़ से अधिक स्टांप शुल्क की प्राप्ति हुई। इसकी एक वजह यह भी बताई जा रही है कि पांच जनवरी 2024 से जनपद में 10 प्रतिशत तक सर्किल रेट की वृद्धि हुई।

### शहर के नियोजित विकास को बनाया जा रहा विकास प्राधिकरण

शहर को विकास प्राधिकरण बनाने की कवायद शुरू हो गई है। करीब छह माह पहले प्रशासन की ओर से प्रस्ताव भेजा गया था। इसमें आपत्ति लग गई थी। इसके बाद प्रशासन ने फिर से महायोजना का नक्शा बनाकर शासन को प्रस्ताव भेजा है। संभावना है कि अगले छह माह में स्वीकृति मिल सकती है। अवैध प्लॉटिंग में जिन क्रेताओं ने जमीन का बैनामा कर लिया है, वे वर्तमान में उसके मालिक हैं। महायोजना का नक्शा पास होने के बाद किसी भी जमीन पर निर्माण कराने के लिए विनियमित क्षेत्र से नक्शा पास करना जरूरी है। हालांकि, जिन मकानों का निर्माण हो गया है, उनको गिराने का प्रावधान नहीं हैं। सब रजिस्ट्रार सदर अरुण गुप्ता ने बताया कि शहर में अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई होने से बैनामों की संख्या में कमी आई है। सर्किल रेट बढ़ने से स्टांप शुल्क में वृद्धि हुई है। क्रेता जमीन का बैनामा करने से पहले सही से जांच-परख कर लें।

### वर्ष- बैनामों का ग्राफ

- 2022- 23 /78696
- 2023 24 /75890

### प्लाट खरीदने से पहले कर लें जांच

- नगर निगम में जमीन दर्ज होनी चाहिए।
- कृषि भूमि का व्यावसायिक भूमि में परिवर्तन हो।
- विनियमित क्षेत्र से कॉलोनी का नक्शा पास हो।
- औद्योगिक भूमि नहीं होनी चाहिए।
- विनियमित क्षेत्र में आवासीय भूमि में दर्ज हो।
- धारा 80 के तहत आबादी में घोषित होनी चाहिए।
- भूमि बाढ़ क्षेत्र नहीं होना चाहिए।

विनियमित क्षेत्र से नक्शा पास कराने के बाद ही नया निर्माण कराया जा सकता है। अवैध प्लॉटिंग किसी भी हाल में नहीं होने दी जाएगी।
–**प्रवेंद्र कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट

## डांस का विरोध करने पर युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र के ककरा कला निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि 27 अप्रैल को उसकी शादी का रिसेप्शन था। डीजे पर परिजनों के साथ अन्य लोग डांस कर रहे थे। रात नौ बजे उसके रिश्तेदार कुनाल निवासी मक्कू बजरिया थाना सदर बाजार आ गए। लेकिन विवाद हो जाने से कुनाल से बोलचाल नहीं थी। कुनाल डीजे पर महिलाओं के साथ डांस करने लगे। अरविंद के मना करने पर आरोपी गाली देने लगे। आरोपी कुनाल अपने साथियों के साथ रात में 12 बजे घर में घुस आए और अरविंद को पीटकर घायल कर दिया।। शोर शराबा सुनकर अन्य लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया आरोपी कुनाल, सन्नी तथा चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एक नजर

### रुपये न देने पर पिता को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला महाजनान निवासी रामानंद प्रजापति ने बताया कि उसका बेटा अमित कुमार शराब पीने के साथ सट्टा लगाने में लिप्त हो गया था। उन्होंने बेटे को चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। रामानंद का आरोप है कि एक मई को रात आठ बजे उसका बेटा अमित घर पर आया और आधी जायदाद की रकम मांगने लगा। उन्होंने पैसे देने से मना किया तो बेटे ने पिता को पीटकर घायल कर दिया। उसका बेटा जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उन्होंने बताया कि उसे जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने बेटे अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### रंजिशन युवक को पीटकर घायल कर दिया

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव जमुका निवासी सुनीता ने बताया कि 28 अप्रैल की शाम आठ बजे उसके पति पप्पू खेत पर थे। गांव का दीपक आदि आए और उसके पति को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके सिर में रॉड मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी दीपक, मनदीप, मुन्नू लाल के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मेडिकल स्टोर से खरीदी दवा, बालक की मौत

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ढाई वर्षीय बालक के चेहरे पर दाने निकल आए थे। उसके पिता मेडिकल स्टोर से दवा खरीद लाए। बेटे को एक गोली खिला दी थी। गोली खाने के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। परिवार वाले मेडिकल कॉलेज लेकर आए। बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला काशीराम कॉलोनी निवासी जालिम सिंह ने बताया कि उसके ढाई वर्षीय पुत्र मयंक के मुंह के नीचे दाने निकल आए थे। शनिवार की शाम सात बजे वह राजीव चौक पर एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के लिए गए। मेडिकल स्टोर स्वामी से कहा कि ढाई साल के बच्चे के चेहरे पर दाने निकल आए हैं। उसने 20 रुपये लिए और चार गोली दे दी, कहा कि एक गोली


मृतक मयंक।

● पिता ने लगाया गलत दवा देने का आरोप, मयंक के चेहरे पर निकले थे दाने

अभी खिला देना। उन्होंने रात आठ बजे मयंक को एक गोली खिला दी। गोली खाने के बाद बालक की तबीयत खराब हो गई और उल्टियां होने लगीं और आंखें चढ़ने लगीं। वह बेटे को लेकर सीएचसी गए। डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वह बेटे को मेडिकल कॉलेज ले आए। जहां बालक को भर्ती कर लिया गया। इलाज के दौरान बालक की देर रात मौत हो गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय पहुंचे और जानकारी की।

जालिम सिंह ने आरोप लगाया कि मेडिकल स्टोर स्वामी ने गलत दवा दे दी थी और उसे खाने से बच्चे की मौत हो गई।

पुलिस ने बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई है और तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। मृतक मयंक दो भाइयों में छोटा था और उसकी मां का नाम उजियारी है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### पारिवारिक कलह में कीटनाशक खाकर दी जान

**शाहजहांपुर।** लखीमपुर खीरी जिले के थाना पसगवां के गांव मुल्लापुर निवासी मनोज कुमार(30) ने पारिवारिक कलह को लेकर शनिवार की शाम पांच बजे कीटनाशक दवा खा ली थी। परिवार वाले मोहम्मदी सीएचसी पर ले गए थे। डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### युवक की संदिग्धावस्था में मौत

**शाहजहांपुर।** रविवार की दोपहर एक बजे जलालाबाद-कटरा मार्ग पर एक युवक सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा था। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे लेकर सीएचसी ले आई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी करने पर शव कटरा थाना के गांव खैरपुर निवासी हनीफ(45) का निकला। परिवार वालों ने बताया कि वह सुबह घर से निकला था। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# जमीन बिकवाने के नाम पर महाराष्ट्र की महिला से जालसाज ने हड़पे 1.61 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जमीन दिलवाने के नाम पर जिले के एक युवक ने महाराष्ट्र की भाजपा नेत्री से एक लाख 61 हजार रुपये हड़प लिए। महिला जमीन खरीद कर जैन मंदिर, अनाथ आश्रम बनाना चाहती थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पश्चिमी महाराष्ट्र के सोपारा जिले के थाना गोम पाड़ा के मोहल्ला सारस गार्डन निवासी स्नेहलता एस सुराणा ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी की 135 विधान सभा की प्रभारी रह चुकी है। वर्तमान में वह महाराष्ट्र के पालघर की जिला उपाध्यक्ष है। चुनाव के दौरान 10 जनवरी 22 को शाहजहांपुर की तहसील सदर के गांव छीतेपुर निवासी शरद कुमार से परिचय हो गया था। उसने शरद को बताया था कि वह जैन मंदिर या अनाथ आश्रम बनवाना चाहती है, इसलिए उसे जमीन खरीदनी है। फरवरी माह में जमीन दिलाने की बात शुरू हुई थी। आरोपी शरद ने उससे फोन पर कहा था कि शाहजहांपुर के ब्लॉक सिंधौली गांव महाऊ महेश में जमीन है और शीघ्र रुपये भेज दो।

● वर्ष 2022 में स्नेहलता का सदर के छीतेपुर गांव निवासी शरद कुमार से हुआ था परिचय

● जैन मंदिर या अनाथ आश्रम बनवाने को जमीन खरीदना चाहती थी भाजपा नेत्री

महिला ने भरोसा करते हुए 12 जुलाई 22 को उसके बैंक खाते में एक लाख 61 हजार रुपये भेज दिए। जब वह जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए पांच सितंबर 22 को शाहजहांपुर आई तो पता चला कि जमीन है और न ही कागज है। वह भूमि मैकना की थी जिसे वह पहले ही बेच चुकी थी। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी शरद ने झूठ बोलकर उसे फंसाया। शाहजहांपुर आने पर जब जालसाजी का अहसास हुआ तो उसने आरोपी से रुपये वापस मांगे, तो आरोपी शरद ने रुपये वापस करने से मना कर दिया और फोन पर जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। कई बार रुपये मांगने पर जब उसने वापस नहीं किए, तब फिर पीड़ित भाजपा नेत्री ने चौक कोतवाली पुलिस को तीन दिन पहले डाक से तहरीर भेजी।

महाराष्ट्र की भाजपा नेत्री की तहरीर पर आरोपी शरद कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आगे की कार्रवाई की जाएगी। –**राजीव कुमार**, प्रभारी निरीक्षक चौक कोतवाली






# सड़कों पर छुट्टा पशुओं का बसेरा, बढ़ा रहे हादसों का खतरा

## आठ दिन पहले सड़क पर झगड़ रहे पशुओं की चपेट में आकर चली गई थी मिस्त्री की जान

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** क्षेत्र में छुट्टा पशु अभी भी सड़कों पर घूम रहे हैं और हादसों का सबब बन रहे हैं। कहने को तो गो आश्रय स्थल बने हुए हैं लेकिन छुट्टा पशुओं को पूरी तरह से यहां तक नहीं पहुंचाया जा सका है। लोगों ने छुट्टा पशुओं को गो आश्रय स्थल भेजे जाने की मांग की है।

निगोही कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा पशु हर जगह मिल जाएंगे लेकिन इनका हाईवे पर बसेरा लोगों के लिए जानलेवा बन रहा है। निगोही बीसलपुर हाईवे पर गांव पतराजपुर, पिपरिया खुशाली के पास पशुओं का झुंडा बड़ी संख्या में मौजूद रहता है। रात के समय में यह सड़क को पूरी तरह से घेर लेते हैं, जो जानलेवा तो साबित होते ही है, इनसे कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। कस्बे में थाने के पास भी जमावड़ा रहता है। भारतीय किसान यूनियन ने इन छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने के लिए कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे लेकिन हर बार आश्वासन देकर टरका दिया गया। इनकी वजह से कई लोगों की जान जा चुकी है और कई बार पशु भी बड़े वाहनों की चपेट में आकर मौत का शिकार हो चुके हैं।


निगोही बीसलपुर हाईवे पर गांव पतराजपुर के पास पशुओं का जमावड़ा।

- **तमाम प्रयासों के बाद भी पूरी तरह से गो आश्रय स्थल तक नहीं पहुंचाए जा सके पशु**

26 अप्रैल को गांव पिपरिया खुशाली के पास आपस में झगड़ रहे छुट्टा पशुओं की चपेट में थाना तिलहर के गांव बथुई अक्का निवासी ट्रैक्टर मिस्त्री 22 वर्षीय पवन अवस्थी आ गया। जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसे निगोही सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे लखनऊ ले गए। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि इससे पहले 12 मार्च 2023 को अरेली गांव निवासी आकाश पाल को दड़िया बाजार में सांड ने सींग मारकर घायल कर दिया। उसका साथी मनोज भी घायल हो गया था। इस घटना में आकाश पाल की मौत हो गई थी। चार दिन पहले छुट्टा पशु पतराजपुर के पास झगड़ने लगे। इससे उधर से गुजर रहा यात्रियों से भरा एक टेंपो चपेट में आते हुए बचा। चालक फुर्ती नहीं दिखाता तो टेंपो पशुओं से टकराकर पलट सकता था। इसी तरह दो बाइक वाले भी इन पशुओं की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। कहने को तो ढकिया तिवारी, चक बरैंचा, रटा गांव में गो आश्रय स्थल संचालित हैं लेकिन इनमें पहले से ही पशुओं की पर्याप्त संख्या है। जबकि बसारी मूढ़ाकली में गो आश्रय स्थल निर्माणाधीन है। ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं से निजात दिलाए जाने की मांग की है।


गोशाला में सूखा भूसा खा रहे गोवंशीय।

### बोले लोग


पशुओं को पकड़ने के लिए शुरूआत में जोर शोर से अभियान चलाया गया लेकिन अब इस अभियान को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। **–महेश गौतम**


इन पशुओं की वजह से न जाने कितने लोग घायल हो चुके हैं और न जाने कितनों की जान जा चुकी है, कई बार तो खुद पशु भी हादसे का शिकार हो चुके हैं।– **मनोज यादव** एड., पूर्व जिला पंचायत सदस्य


इन पशुओं का हाईवे पर बसेरा रहता है, जिस कारण आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है, जिम्मेदार लोगों से कई बार पशुओं को लेकर शिकायत की लेकिन कुछ नहीं हुआ।– **सत्यपाल सक्सेना** एड.


सबसे बड़ा खतरा सड़क पर झगड़ने के दौरान होता है क्योंकि झगड़ने के दौरान इन लोगों की चपेट में न जाने कितने लोग घायल हो सकते हैं, बच्चे भी चोटिल हो सकते हैं।– **देवेंद्र पाल सिंह**, वरिष्ठ नेता भाकियू

### पशुओं को पकड़ने के लिए ली गई ट्रॉली फांक रही धूल



धूल फांक रही पशुओं को गो आश्रय स्थल ले जाने वाली ट्रॉली।

पशुओं को पकड़कर गो आश्रय स्थल तक पहुंचाने के लिए ट्रॉली खरीदी गई थी। पशुओं को पकड़ने के बाद इसी के जरिये ट्रैक्टर से गो आश्रय स्थल तक भेजने की व्यवस्था की गई थी लेकिन अब यह ट्रॉली धूल फांक रही है। पशुओं को पकड़ने का अभियान ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

“ढकिया तिवारी, चक बरैंचा, रटा गांव में गो आश्रय स्थल संचालित हैं लेकिन इनमें पहले से ही पशुओं की पर्याप्त संख्या है। जबकि बसारी मूढ़ाकली में गो आश्रय स्थल अभी निर्माणाधीन है। छुट्टा पशुओं को पकड़ने की प्रक्रिया चल रही है।
– **योगेंद्र त्रिपाठी**, खंड विकास अधिकारी

# ई-रिक्शा पलटने से दो महिलाओं समेत तीन चोटिल

संवाददाता, तिलहर

अमृत विचारः एक ई-रिक्शा बिरियाबाबा मेला से सवारी लेकर आ रहा था। भारतीय स्टेट बैंक के पास रोड पर बने गड्ढे में पहिया जाने से ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें दो महिलाओं समेत तीन लोग चोटिल हो गए।

कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव रटा निवासी रामलखन ने बताया कि वह अपने परिजनों के साथ बिरिया बाबा मेले में बेटी बबली के पांच माह के पुत्र रचित की करधनी डलवाने आया था। ई-रिक्शा द्वारा वापस गांव जा रहा था, तभी भारतीय स्टेट बैंक के पास रोड पर बने गड्ढे में ई रिक्शा चला गया और असंतुलित होकर पलट गया। जिसमें रामवती, रिंकी, पूजा चोटिल हो गई। जिनका नगर के एक प्राइवेट चिकित्सा के यहां इलाज कराया गया। बता दें भारतीय स्टेट बैंक की मोड़ के पास रोड पर एक गड्ढा काफी समय से बना हुआ है, जिसमें कई ई-रिक्शा पलट चुके हैं, कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं।

### खड़ी बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल

**कलान।** थाना क्षेत्र के गांव झकरे ली पश्चिमी निवासी संतोष वर्मा ने तहरीर देकर बताया कि उसका भाई अपनी बाइक लेकर गढ़िया छवि मार्ग के किनारे नगर पंचायत के मोहल्ला गंगानगर में स्थित आल के पेड़ के पास खड़ा था, आंधी देही की तरफ से तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार उसका छोटा भाई राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उधर, घायल के भाई संतोष वर्मा ने घटनास्थल पर खड़े एक होमगार्ड पर आरोपी को भगाने का षड़्यंत्र बताया है, उक्त होमगार्ड का भी तहरीर में नाम अंकित किया है।

# घर में घुसकर नगदी और लाखों की कीमत के जेवर चोरी

संवाददाता, मिर्जापुर

- **रात में किसी समय छत पर बने कमरे में पहुंच गए चोर**
- **परिवार के लोग नीचे सोते रह गए, सुबह हुई जानकारी**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव ढाई में चोरों ने एक मकान में घुसकर नगदी समेत लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के लोग नीचे सो रहे थे और चोर छत पर बने कमरों को खंगाल रहे थे। रविवार सुबह जागने पर गृह स्वामी को चोरी के बारे में जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरी का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया।

गांव ढाई निवासी रोशन अली ने बताया कि वह परिवार सहित रोजाना की तरह मकान के नीचे हिस्से में बने कमरे सो रहा था। रात में किसी समय चोर दीवार के सहारे मकान की छत पर पहुंच गए। जहां कमरे का ताला तोड़ कर नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी कर लिए। रविवार सुबह सो कर उठा और दूसरी मंजिल पर बने कमरों की सफाई करने गया तो कमरों के दरवाजे खुले पड़े थे। अलमारी और संदूक के ताले टूटे थे और उनमें रखा सामान बिखरा पड़ा था। उसमे रखी 44 हजार की नगदी और सोने का हार, झाले, कानबेंदा, नथनी, हथफूल, चांदी की खगौरिया, पायल, कड़े आदि कीमती जेवरात गायब थे।


कमरे में टूटी अलमारी और घटना की जानकारी देते गृहस्वामी रोशन अली।

गृहस्वामी ने बताया कि चोर शनिवार रात घर के पिछले हिस्से पर लगे जीने से अंदर घुसे और छत पर बने कमरों में पहुंच गए और नगदी जेवर चोरी कर ले गए। रविवार सुबह नींद से जागने पर परिजनों को चोरी के बारे में जानकारी हुई, तब गृहस्वामी रोशन अली ने पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना के बाद एसएसआई नरगेश कुमार पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे, जहां मौका मुआयना कर घटना के बारे में जानकारी की। पीड़ित ने बताया कि डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम को बुलाकर चोरों का पता लगाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। पीड़ित ने बताया कि चोरी गए जेवर की कीमत लगभग दो लाख रुपये थी।

“पुलिस टीम ने मौका मुआयना कर मामले की जानकारी ली है, चोरों की सुरागरसी के साथ ही मामले की जांच की जा रही है। जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।
– **विनोद कुमार**, थानाध्यक्ष

### कार चोरी की रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। निगोही थाना क्षेत्र के गांव लधौला निवासी सौरभ सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी शादी 23 अप्रैल को गन्ना शोध परिषद हथौड़ा बुजुर्ग के प्रेक्षागृह में थी। कार में उसके तथा उसकी पत्नी के कपड़े थे। आरोप है कि रात में साढ़े दस बजे देवेश कुमार निवासी रुदपुर थाना तिलहर चोरी से कार लेकर चला गया। पुलिस ने आरोपी देवेश कुमार के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस कार की तलाश कर रही है।




# युवक का शव मिला, शिनाख्त नहीं

संवाददाता, मिर्जापुर

अमृत विचारः क्षेत्र के गांव जरियनपुर में जलालाबाद रोड पर कोला मोड़ के पास रोड के नीचे खाईं में पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

रविवार दोपहर आसपास के ग्रामीणों ने जलालाबाद रोड पर रमाकांत श्रीवास्तव की बाल कटिंग के खोखे के सामने सड़क के दूसरी तरफ गड्ढे में अंडरवियर और बनियान पहने लगभग 32 वर्षीया युवक का शव पड़ा देखा। शव पर किसी तरह के चोट का निशान नहीं थे। सूचना पर एसएसआई नरगेश कुमार हमराहियों के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।


घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस और मौजूद लो ● अमृत विचार

### अज्ञात महिला का शव मिला

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना क्षेत्र के हमजापुर चौराहे पर शनिवार की शाम को एक महिला बेहोशी की हालत में पड़ी थी। सूचना मिलने पर उसे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस उसे सीएचसी ले गई। डॉक्टर ने महिला को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। जहां उसे मृत घोषित कर दिया था। महिला की उम्र 55 साल है और काली रंग की साड़ी और लाल रंग का ब्लाउज पहने हुए थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला चक्कर खाकर गिरकर बेहोश हो गयी थी। निगोही ने पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### शराब पीने को नहीं थे रुपये, इसलिए चोरी कर ली बाइक

**बंडा, अमृत विचार** : चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस ने उसका चोरी की धारा में चालान कर दिया है। बंडा के गांव टाह निवासी सुनील कुमार ने चार मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना उपनिरीक्षक गोविंद सिंह कर रहे थे। वह रविवार को मय हमराही के साथ शांति-कानून व्यवस्था, चेंकिग, संदिग्ध व्यक्ति, वाहन व तलाश वांछित अपराधी की गिरफ्तारी के लिए रोड गशत पर थे, तभी शालेश को मोक्ष धाम के पास से पकड़ लिया। उससे बाइक बरामद हुई। पूछताछ में शालेश ने बताया कि शराब पीने के लिए रुपये नही थे और रुपया उधार भी है इसलिए यह बाइक बंडा कस्बे से एक मई को चोरी कर ली। जिसको बेचने के लिए यहां खडे होकर किसी का इन्तजार कर रहा था कि पकड़ लिया गया।



